## सारंगढ़ बिलाईगढ़

### पुष्पवाटिका और बस स्टैंड में होगा एलईडी का सार्वजनिक प्रसारण

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** जिले के इच्छुक जनसामान्य के लिए लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतगणना का सार्वजनिक प्रसारण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर जिला मुख्यालय सारंगढ़ के पुष्पवाटिका में और बस स्टैंड सारंगढ़ के मोहन प्रोविजन दुकान के छत में स्थापित एलईडी के माध्यम से किया जाएगा। जिला मुख्यालय सारंगढ़ से लोकसभा सीट रायगढ़ अंतर्गत सारंगढ़ विधानसभा और जांजगीर चांपा लोकसभा सीट अंतर्गत बिलाईगढ़ विधानसभा के मतों की गिनती 4 जून 2024 मंगलवार सुबह 8 बजे से को किया जाएगा। सारंगढ़ के जिला निर्वाचन कार्यालय कृषि उपज मंडी परिसर मुख्य गेट के पास पुष्पवाटिका के सामने और कलेक्टर कार्यालय के मुख्य गेट सड़क के पास लाउडस्पीकर का व्यवस्था किया गया है।

### मतगणना के कारण सारंगढ़ के शराब दुकान 4 जून को रहेगा बंद

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** लोकसभा निर्वाचन मतगणना स्थल और जिला मुख्यालय सारंगढ़ में शांति एवं निर्वाचन व्यवस्था के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने मतगणना तिथि मंगलवार 4 जून 2024 को नगरपालिका सारंगढ़ की सीमा में संचालित देशी मदिरा दुकान सारंगढ़ (सीएस-2 घघ) तथा विदेशी मदिरा दुकान सारंगढ़ (एल.एल-1 घघ) को पूर्णतः बंद रखे जाने के लिए मदिरा शुष्क दिवस घोषित किया है। इस दौरान मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

### मतगणना स्थल सारंगढ़ के 100 मीटर क्षेत्र पैदल क्षेत्र घोषित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** लोकसभा निर्वाचन मतगणना के सुचारू संचालन व्यवस्था के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने मतगणना स्थल कृषि उपज मंडी परिसर सारंगढ़ के 100 मीटर परिधि के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र को पैदल क्षेत्र घोषित किया है। इस क्षेत्र के अंदर निर्वाचन संबंधी कार्यों में लगे वाहनों को प्रवेश दिया जाएगा। निर्वाचन कार्य को छोड़कर सभी प्रकार के वाहनों के लिए यह क्षेत्र प्रतिबंधित रहेगा।

### लोकसभा सीट रायगढ़ और जांजगीर चांपा के मतगणना कार्य के लिए अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एएआरओ) नियुक्त

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** लोकसभा निर्वाचन मतगणना के सुचारू संचालन व्यवस्था के मद्देनजर अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एएआरओ) नियुक्त किया है। लोकसभा सीट 02-रायगढ़ में शामिल सारंगढ़ विधानसभा के लिए तहसीलदार सारंगढ़, तहसीलदार बरमकेला, सीईओ बरमकेला जनपद पंचायत प्रज्ञा यादव को एक्स्ट्रा एआरओ नियुक्त किया है। इसी प्रकार जांजगीर चांपा लोकसभा सीट में शामिल बिलाईगढ़ विधानसभा के लिए तहसीलदार बिलाईगढ़, तहसीलदार भटगांव, एसडीओ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा शैलेन्द्र वर्मा को एक्स्ट्रा एआरओ नियुक्त किया है।

### ऑब्जर्वर सहित टीम ने सारंगढ़ और बिलाईगढ़ विधानसभा के मतगणना व्यवस्था का लिया जायजा

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** लोकसभा सीट जांजगीर चांपा और रायगढ़ के मतगणना हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश साहू के साथ बिलाईगढ़ विधानसभा के मतगणना ऑब्जर्वर जी स्रीनी और सारंगढ़ विधानसभा के मतगणना ऑब्जर्वर रमेश कोलार ने मतगणना परिसर की सारी व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसमें अधिकारियो, कर्मचारियों, मतगणना कर्मी, राजनीतिक दलों के एंट्री और आउट गेट, मतगणना हाल में बेरीकेटिंग व्यवस्था, परिसर की सुरक्षा व्यवस्था आदि का भौतिक निरीक्षण किया गया। कलेक्टर साहू ने सभी टेबल व्यवस्था, फोटोकॉपी, कंप्यूटर का पुनः चेक किया। एसपी पुष्कर शर्मा ने पुलिस अधिकारियों को स्पॉट सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए। दोनो प्रेक्षकों ने मतगणना परिणाम के प्रपत्र का अवलोकन किया और प्रपत्र में प्रत्याशी के चुनाव चिन्ह को मैच किया।

# भीषण गर्मी के बीच छत्तीसगढ़ में बदला मौसम, कई जिलों में हुई बारिश

**मौसम विभाग ने 30 जिलों के लिए जारी किया येलो अलर्ट**

रायपुर । आरएनएस



छत्तीसगढ़ में झुलसा देने वाली गर्मी के बीच अचानक मौसम बदल गया है। प्रदेश के कई जिलों में शनिवार की रात हल्की बूंदाबांदी देखने को मिली। वहीं, रविवार दोपहर से कुछ जिलों में आंधी-तूफान के साथ बारिश शुरू हो गई है। राजधानी रायपुर में सुबह से ही तेज गर्मी ने लोगों को परेशान कर रखा था। इसी बीच अचानक दोपहर 1 बजे से आंधी तूफान चलने लगी, जिससे मौसम में बदलाव देखने को मिला।

बताया जा रहा है कि जगदलपुर में झमाझम झमाझम बारिश और रायगढ़ में शनिवार कि रात बारिश हुई है। मौसम विज्ञानिकों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी से उठी पुरवाई की वजह से तीन जून तक इसी तरह मौसम रह सकता है। रायपुर मौसम विभाग ने 30 जिलों के येलो अलर्ट जारी किया है। आज और कल छिटपुट बादल छाए रहेंगे। साथ ही 2 जून से 4 जून तक गरज चमक के साथ बूंदाबांदी से लेकर हल्की बारिश हो सकती है। येलो अलर्ट जारी मौसम विभाग ने जिन जिलों के लिए येलो अर्लअ जारी किया है उनमें सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर, कोंडागांव, नाराणपुर, कांकेर, धमतरी, गरियाबंद, कांकेर, बालोद, दुर्ग, रायपुर, महासमुंद, बलोदाबाजार, बिलासपुर, कोरबा, गौरेला-पेंर्ड-मरवाही, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, सरगुजा, जषपुर, बलरामपुर के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान इन जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है।

वहीं, मुंगेली, राजनांदगांव, कबीरधाम के लिए हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान इन तीन जिलों में गर्मी चरम पर रहेगी। और रात में भी मौसम का तापमान गर्म ही रहेगा।

अंबिकापुर, 42.2, बीजापुर, दंतेवाड़ा 37.8, दुर्ग 45.6, जगदलपुर 39. कांकेर 41.1, कोरिया 41.1, लखनपुर 42.2, पेंड्रा 43.7, रायपुर लालपुर 45.7, रायपुर माना 45.2, राजनांदगांव 44.1 है। इन राज्यों के लिए अलर्ट मौसम एजेंसी स्काई मेट वेदर के मुताबिक, अगले 24 घंटे के दौरान, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, सिक्किम, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, असम और मेघालय में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश संभव है। केरल, लक्षद्वीप, पूर्वोत्तर भारत, ओडिशा, झारखंड, विदर्भ, मराठवाड़ा, दक्षिण कोंकण और पूर्वी बिहार में हल्की से मध्यम बारिश संभव है।

## भीषण गर्मी से अब तक 12 की मौत



जांजगीर-चाम्पा-रायपुर । आरएनएस

जांजगीर-चाम्पा जिले में लू से मौत का आंकड़ा बढ़ते जा रहा है। जिले में लू से फिर 2 लोगों की मौत हुई है। जांजगीर के वार्ड 14 में युवक राजेश यादव तो सिवनी गांव के सेलून संचालक देवकुमार श्रीवास की लू से मौत हुई है। आपको बता दें कि इससे पहले जिले में 10 लोगों की मौत हुई थी। जिले में पहली बार ऐसी स्थिति बनी है, जब नवतपा की भीषण गर्मी में इतनी बड़ी संख्या में लोगों की जान गई है। जिस तरह से ग्रामीण इलाके से जानकारी आ रही है, उससे लू से मौत का आंकड़ा और बढ़ सकता है। नवतपा में इस बार भीषण गर्मी पड़ी, जो लोगों की जान पर मुसीबत बन गई है। जिले में तापमान 48 तक पहुंचा था और मानव जीवन के साथ ही पशु-पक्षियों के लिए इस बार की गर्मी परेशानी का सबब रही। पिछले 5 दिनों से लोगों की मौत की जानकारी सामने आ रही है। पहली मौत, जांजगीर के स्टेशन के पास एक बुजुर्ग की हुई, फिर शिवरीनारायण में ड्राइवर की मौत हुई थी।

फिर चाम्पा में ड्राइवर और हेल्पर की लू से मौत हुई थी। इसके बाद नवागढ़ में 6 लोगों की मौत हुई। इसके बाद आज जानकारी सामने आई कि लू से जांजगीर के वार्ड 14 के युवक और सिवनी गांव में सेलून संचालक की मौत हो गई। अभी जिस तरह की जानकारी आ रही है, उससे लू से मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है।

## ट्रेलर चालक से लूट के चार आरोपी गिरफ्तार, तीन फरार

कोरबा । आरएनएस



कोयला खाली कर वापस लौट रहे ट्रेलर चालक से मारपीट कर 31 हजार नकद, ड्राइविंग लाइसेंस व आधार कार्ड लूट लिए थे। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने चार आरोपित को गिरफ्तार लूट की राशि बरामद की। मामले में शामि तीन आरोपित अभी भी फरार हैं, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

कोतवाली पुलिस अंतर्गत यह मामला 29 मई को मानिकपुर रेलवे फाटक के समीप हुई। पीड़ित ट्रेलर चालक ने गोविंद 35 निवासी धुमाडोल थाना कुसमी जिला सिधी मध्य प्रदेश पुलिस में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि एसकेएस प्लांट रायगढ से कोयला खाली कर वापस गेवरा ट्रेलर वाहन से लौट रहा था। सुबह 4.15 बजे रेल्वे फाटक मानिकपुर कोरबा के पास पहुंचा था, तभी फाटक बंद होने से गाडी को खडा़ कर फाटक खुलने का इंतजार करने लगा। इस बीच अपने चेहरे पर काला लाल गुलाबी एवं सफेद रंग के गमछा बांधे चार अज्ञात युवक वहां पहुंचे और गोविंद के वाहन में चढक़र उसके साथ धक्का मुक्की कर मारपीट की। इसके बाद चालक को वाहन से गिराकर घसीटते ले गए और उसके पर्स में रखे वेतन का 31 हजार रुपए नकद, ड्राइविंग लाइसेंस व आधार कार्ड लूट कर भाग गए।

पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 394 के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। इस बीच मुखबिर से सूचना मिलने पर थाना प्रभारी एमबी पटले की अगुवाई में कोतवाली पुलिस ने विशाल केंवट 22 वर्ष निवासी सीतामणी, अरूण श्रीवास 18 साल निवासी शनि मंदिर के नीचे सीतामणी, जीत अग्रवाल उर्फ जीतू 20 वर्ष निवासी सीतामणी थाना कोतवाली तथा आशिफ कुरैशी उर्फ भोको 19 वर्ष निवासी इमलीडुग्गु थाना कोतवाली को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इस पर आरोपितों ने अपने अन्य साथियों अमन साहू, विजय डे, आकाश के साथ मिलकर अपराध करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से लूटी गई रकम व गमछा पृथक से जब्त किया। आरोपितों की संख्या पांच से अधिक होने से मामले में धारा 395 भी जोड़ी गयी। आरोपितों के विरूद्ध अपराध सबूत का पाए जाने पर आरोपितों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। मामले में फरार आरोपितों की पतासाजी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही सभी फरार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## दालों की कीमतों में हुई जबरदस्त वृद्धि

रायपुर । आरएनएस

आवक की तुलना में मजबूत बाजार मांग के कारण राहर दाल की कीमतों में जबरदस्त वृद्धि हुई है। पिछले दो महीने में ही अरहर दाल की कीमत में 25 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई है. थोक बाजार में यह 185 रुपये प्रति किलो और चिल्हर में 195 रुपये प्रति किलो बिक रहा है. व्यापारियों का कहना है कि खराब फसल से उनकी आय काफी कम हो गई है और बाजार में मांग बढ़ गई है, जिससे अरहर दाल की कीमत बढ़ गई है।

राहर दाल के साथ-साथ चना दाल की कीमत में भी भारी बढ़ोतरी हुई है और चिल्हर में चना दाल 95 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है. व्यापारियों का कहना है कि जैसे-जैसे आय में सुधार होगा, कीमतें भी कम होंगी।

दालों के साथ-साथ मसालों की कीमतें भी इन दिनों तेजी से बढ़ रही हैं, खासकर हल्दी की कीमत 350 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है।

लंबे समय से गिर रही खाद्य तेल की कीमतें अब बढऩे लगी हैं। हालांकि, फिलहाल सोया तेल 100 से 110 रुपये प्रति लीटर और फली तेल 160 से 190 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है. लेकिन सरसों के तेल की कीमत में भारी वृद्धि हुई है और इन दिनों थोक में सरसों तेल की कीमत रु. 2250 प्रति टिन तक पहुंच गया है. एक माह पहले सरसों का तेल 2050 रुपये प्रति टिन बिक रहा था.

**चीनी भी हुई महंगी**

इन दिनों चीनी के दाम भी बढ़ रहे हैं और चीनी 3850 से 4200 रुपये प्रति क्विंटल बिक रही है, जबकि चिल्हर में चीनी 44 रुपये प्रति किलो बिक रही है. चीनी की मांग भी अधिक है, जिसके कारण कीमतें बढ़ रही हैं.

## गैस सिलेंडर में लगी आग से ब्लास्ट : 20 मिनट में किया काबू, तीन दुकान हूए प्रभावित

**कोरबा (आरएनएस)।** नौतपा के अंतिम दिन शाम को तेज हवाओं के चलने से और कुछ इलाकों में हुई अच्छी बारिश से मौसम कूल-कूल हो गया। तापमान में कुछ गिरावट भी आई। इसके ठीक उल्टे नगर के बुधवारी बाजार क्षेत्र में एक खोमचा दुकान में गैस सिलेंडर से आग लगने के साथ ब्लास्ट हो गया। तीन दुकानें इसके प्रभाव में आए। अग्नि जागरूकता को लेकर बढ़ी हुई समझ का असर यह हुआ कि लोगों ने साझा प्रयासों से 20 मिनट के भीतर आग पर काबू पा लिया।

जानकारी के अनुसार पिछली रात 10 बजे के आसपास यह घटना सीएसईबी पुलिस चैकी अंतर्गत बुधवारी बाजार क्षेत्र में हुई। यहां कई प्रकार की दुकानें संचालित होती हैं जिनके माध्यम से संचालकों और आम लोगों की जरूरत की पूर्ति हो रही है। इसी में शामिल एक समोसा दुकान में उपयोग किये जा रहे गैस सिलेंडर में एकाएक आग का संपर्क हो गया। फैलाव होने के साथ वह ब्लास्ट हो गया। इसके प्रभाव से नजदीक की दो और दुकानें चपेट में आईं। आपात स्थिति में धैर्य और साहस का परिचय देते हुए लोगों ने अग्नि दुर्घटना को नियंत्रित करने के बारे में मिली सीख का उपयोग किया। कई तौर-तरीके अपनाए। लोगों की सूचना पर सीएसईबी पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम भी यहां पहुंची। इसका नतीजा यह हुआ कि महज 20 मिनट के भीतर मौके पर लगी आग को नियंत्रित कर लिया गया। इससे नुकसान के स्तर को ज्यादा होने से रोक लिया गया। फिर भी घटना में संबंधित दुकानों के काफी सामान प्रभावित हुआ है। लोगों ने पुलिस को इस बारे में सूचना दी है।

## सौम्या चौरसिया, रानू साहू, समीर बिश्वनोई और सूर्यकांत तिवारी की रिमांड बढ़ी

रायपुर । आरएनएस



करोड़ों के कोयला घोटाला केस में ईओडब्ल्यू की रिमांड पर चल रहे निलंबित पूर्व उपसचिव सौम्या चौरसिया, निलंबित आईएएस रानू साहू, समीर बिश्वनोई और कारोबारी सूर्यकांत तिवारी की रिमांड और बढ़ गई है।

सोमवार को चारो आरोपियों को विशेष कोर्ट में पेश किया गया था। जहां ईओडब्ल्यू की मांग पर कोर्ट ने चारो की रिमांड बढ़ा दी है। कोर्ट ने सौम्या चौरसिया एवं रानू साहू को 5 जून तक और समीर विश्रोइ्र तथा सूर्यकांत तिवारी को 10 जून तक रिमांड पर भेजा है।

ज्ञात हो कि पहली रिमांड के दौरान ईओडब्ल्यू ने चारों आरोपियों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की लेकिन इनसे घोटाले से संबंधित कोई खास जानकारी नहीं मिल पाई है। लिहाजा ईओडब्ल्यू की ओर से फिर से चारों की रिमांड बढ़ाने के लिए कोर्ट में आवेदन लगाया था जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया और आरोपियों की रिमांड बढ़ा दी।

बता दें कि कोल घोटाले मामले में सभी आरोपी लगभग डेढ़ साल से जेल में बंद है। इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने 11 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें केवल कारोबारी सुनील अग्रवाल को जमानत मिली है। ईओडब्ल्यू का आरोप है कि पिछली सरकार में प्रभावशाली लोगों ने मिलकर अवैध कोल परिवहन घोटाला किया था। यह घोटाला 540 करोड़ से ज्यादा का है। इसलिए ईडी के प्रतिवेदन पर केस दर्ज किया गया।

## बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों का हंगामा, कोच की ऐसी खराब होने से यात्रियों ने रोक दी ट्रेन

बिलासपुर । आरएनएस



बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर शनिवार को सिकंदराबाद-पटना स्पेशल ट्रेन के यात्रियों ने जमकर हंगामा किया। कोच की ऐसी खराब होने के कारण यात्रियों ने बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चेन पुलिंग की और घंटों ट्रेन को रोके रखा। रात लगभग 12 बजे कोच को अगले स्टेशन में सुधार करने की बात कहकर रवाना कर दिया गया।

गर्मी के सीजन में यात्रियों को राहत देने रेलवे द्वारा इन दिनों बड़ी संख्या में समर स्पेशल ट्रेनों को चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सिकंदराबाद-पटना स्पेशल ट्रेन की सुविधा भी दी है। शनिवार को जब यह ट्रेन सिकंदराबाद से छूटी क्च-4 कोच और ड्ढ-1 कोच के एसी ने काम करना बंद कर दिया। यात्रियों ने टीटीई को सूचना तो वहां से आगे के स्टेशन में सुधार होने की बात कह दिया गया। इसके बाद सिकंदराबाद से बिलासपुर तक इसी तरह यात्री परेशान रहे। बिलासपुर तक बिना एसी के ट्रेन में सफर करते रहे।

बिलासपुर में जब ट्रेन पहुंची तो यात्रियों ने उतर कर कोच में सुधार करने कहा लेकिन बिना सुधार के ही ट्रेन को आगे रवाना कर दिया। तब यात्री आक्रोशित हो गए और चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोक दिया। यात्रियों ने स्टेशन पर अधिकारियों से कोच बदलने की मांग की। अधिकारी आश्वस्थ करते रहे लेकिन कोच नहीं बदला गया। इस दौरान यात्रियों ने 7 से 8 बार चेन पुलिंग की और ट्रेन को आगे नहीं बढऩे दिया। यात्री अड़ गए कि जब तक सुधार नहीं होगा ट्रेन आगे नहीं बढ़ेगी।इस दौरान बड़ी संख्या में यात्री प्लेटफार्म में उतर गए। स्टेशन पर मौजूद जोनल अफसरों ने आगे स्टेशन पर सुधार होने की बात कहकर किसी तरह ट्रेन को रवाना किया।

## रेलवे के 31 सदस्य हुए सेवानिवृत्त, दी गई भावभीनी विदाई

रायपुर । आरएनएस




दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत रेल परिवार के 31 सदस्य (23 सामान्य एवं 8 असामान्य) 31 मई को अपनी गौरवशाली रेल सेवा पूर्ण करने के पश्चात् सेवानिवृत हुए। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई।

रेलवे विभाग से शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार रेलवे इंस्टीट्यूट (खारुन रेल विहार) में 31 मई को आयोजित समारोह में समस्त सेवानिवृत्त कर्मियों को विदाई दी गई। समारोह में सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी सुशील कुमार लकड़ा, सहायक मंडल वित्त प्रबंधक विजय कुमार शर्मा, सेवानिवृत्त कर्मी एवं उनके परिजन, कल्याण निरीक्षक तथा बंदोबस्त अनुभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। मंडल के सेवानिवृत्त होने वाले 31 रेलकर्मियों में यांत्रिकी विभाग से 04, विद्युत विभाग से 04, इंजीनियरिंग विभाग से 07, परिचालन विभाग से 08, चिकित्सा विभाग 01, संकेत एवं दूरसंचार विभाग 01, कार्मिक विभाग से 01, सुरक्षा विभाग 01 एवं वाणिज्य विभाग से 04 कर्मचारी शामिल है।

इस अवसर पर सहायक मंडल वित्त प्रबंधक द्वारा सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति का समस्त भुगतान प्रमाण-पत्र दिया गया। ई-पेमेंट के माध्यम से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की कुल राशि रुपये 12 करोड़ 44 लाख 69 हजार 260 रुपये का भुगतान किया गया। पेंशन भुगतान आदेश, सेवानिवृत्त कर्मचारी का पहचान पत्र एवं कर्मचारियों एवं आश्रितों का पास कार्ड, सेवा मेडल आदि प्रदान किया गया।

सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी एवं सहायक मंडल वित्त प्रबंधक ने सभी को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवा के दौरान अपने दायित्यो का निर्वहन अच्छे से करने पर बधाई दी तथा स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखते हुए सेवानिवृत्त जीवन को अपने परिवार एवं रिश्तेदारों के साथ आनंदपूर्वक व्यतीत करने की बात कही, साथ ही सेवानिवृत्ति के दौरान मिली राशि को सही जगह निवेश करने की सलाह दी। अंत में उन्होंने सभी को सेवानिवृति के पश्चात् सुखद भविष्य एवं अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामनायें दी।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU